# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–26 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ सत्ताइसवीं कड़ी में देशवासियों से अपने विचार साझा किये। छठ महापर्व की शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा कि यह पर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतीक है।

***छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतिबिंब है। छठ के घाटों पर समाज का हर वर्ग एक साथ खड़ा होता है। मैं छठी मैया को नमन करता हूँ। सभी देशवासियों को, विशेषकर बिहार, झारखंड और पूर्वांचल के लोगों को छठ महापर्व की शुभकामनाएँ देता हूँ।***

श्री मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है।

***'ऑपरेशन सिंदूर' ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया है। इस बार उन इलाकों में भी खुशियों के दीप जलाए गए जहाँ कभी माओवादी आतंक का अंधेरा छाया रहता था। लोग उस माओवादी आतंक का जड़ से खात्मा चाहते हैं जिसने उनके बच्चों का भविष्य संकट में डाल दिया था।***

प्रधानमंत्री ने वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बाजारों में स्वदेशी सामानों की खरीदारी जबरदस्त तरीके से बढ़ी है।

प्रधानमंत्री ने स्वच्छता के प्रयासों से संबंधित देश के विभिन्न शहरों की कुछ प्रेरक कहानियों का उल्लेख करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिये प्रेरित किया। श्री मोदी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। उन्होंने सभी से इस अवसर पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लेने का आग्रह किया। श्री मोदी ने भारत के राष्ट्रीय गीत **वंदे मातरम्** की चर्चा भी की। उन्होंने कहा कि सात नवम्बर को हम वन्दे मातरम् के एक सौ पचासवें वर्ष उत्सव में प्रवेश करने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने सभी से वंदे मातरम के महिमामंडन के लिए प्रयास करने और हैशटैग वंदेमातरम 150 के साथ सुझाव भेजने का आग्रह किया।

**********

वस्तु और सेवा–कर 'बचत उत्सव' का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। आज हम आपको बताएंगे कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से किस तरह उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में तेजी आ रही है।

***नये जीएसटी सुधार उत्तर प्रदेश के स्थानीय उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण साबित हुए हैं। खिलौनों और लघु शिल्प वस्तुओं पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसी प्रकार 2,500 रुपये तक की कीमत वाले चमड़े के सामान पर केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगने से चमड़ा उद्योग के व्यापार पर भी बढोतरी हुई है। इसके अलावा, पीतल के बर्तनों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत करने से एमएसएमई को बढ़ावा मिला है। वहीं, कांच के बने पदार्थ और चूड़ियों पर जीएसटी 5 प्रतिशत हो जाने से श्रमिकों और कारीगरों को लाभ मिला है। रोहन और समर्थ के साथ, अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

लोक आस्था और सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व 'छठ' नहाय–खाय के साथ शुरू हो गया। पर्व के दूसरे दिन आज व्रती महिलाओं ने खरना किया। खरना प्रसाद ग्रहण करने के बाद छत्तीस घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया है। कल अस्ताचलगामी और मंगलवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस महापर्व का अनुष्ठान पूरा होगा। अर्घ्य देने के लिये सभी नदियों और सरोवरों के घाट सजाये जा रहे हैं। श्रद्धालु घाटों पर बेदी बना कर अपना स्थान सुनिश्चित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छठ पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

**********

रेलवे ने 'छठ पूजा' के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। इस दौरान लगभग 6 हजार 181 विशेष रेलगाडियां चलाई जा रही हैं। अगले दो दिन में नौ सौ से अधिक रेलगाडियां चलाई जाएंगी। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश के 30 प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त कोच की व्यवस्था की गयी है और मौसम–रोधी होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं।

**********

कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाये जाने वाले 'देव दीपावली' पर वाराणसी में गंगा नदी के किनारे 25 लाख दीपक जलाए जाएंगे। इसमें 10 लाख दीपक राज्य सरकार की ओर से, जबकि बाकी दीपक घाटों की स्थानीय समितियों द्वारा प्रज्ज्वलित किये जाएंगे। पर्यटन विभाग द्वारा तीन से पांच नवम्बर तक काशी के चेतसिंह घाट और 'गंगा द्वार' पर अत्याधुनिक प्रोजेक्शन मैपिंग एवं लेजर शो का भव्य आयोजन किया जाएगा। गंगापार क्षेत्र में 10 मिनट तक 'ग्रीन फायर क्रैकर्स शो' का आयोजन किया जाएगा।

**********

जौनपुर जिले के रामपुर थाना क्षेत्र में आज श्रद्धालुओं से भरा एक चार पहिया वाहन सड़क के किनारे खड़ी एक ट्रक से टकरा गयी, जिससे वाहन में सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। मरने वाले विन्ध्याचल धाम का दर्शन करने के बाद अपने पैतृक जिले अम्बेडकरनगर लौट रहे थे। इस घटना में आधा दर्जन लोग घायल हुए, जिनका इलाज जिला अस्पताल में कराया जा रहा है।

**********